Std → 5th Sub → Hindi worksheet Total Marks - 60

प्रश्न
પેટા પ્રશ્ન
ગુણ
[ ] = [ ] + [ ] + [ ] + [ ] + [ ] = [ ]

# VEDANT PUBLIC SCHOOL

**ISANPUR , AHMEDABAD - 382443.**

| | | |
|---|---|---|
| DATE : તારીખ : | SUBJECT : વિષય : | Roll No. : બેઠક નંબર : |
| STD. : ધોરણ : | Suppl. No. : પૂરવણી : | Supervisor's Sign./ નિરીક્ષકની સહી |

Q.1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लीखिए।

1. इस नाटक में बैल और गधा किसके यहाँ काम करते थे?
(A) किसान (B) सेठ (C) दुकानदार (D) जमीनदार

2. नाटक के लिए कौनसा नाम सही रहेगा ?
(A) आलस का फल (B) परिश्रम की आदत (C) चतुर गधा

3. "चींता" शब्द का समान शब्द लीखिए ?
(A) होशियारी (B) दुःखी (C) फिक्र (D) सोचना

4. अपने परिश्रमी जीवन से कौन संतुष्ट था ?
(A) गधा (B) बैल (C) घोड़ा (D) किसान

5. "जोतना" शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द लीखिए।
(A) खोदना (B) जुताई (C) मिलाना (D) जोड़ना

6. "रोबो" शब्द का समान शब्द लीखिए।
(A) मशीन (B) मशीन मानव (C) कम्प्यूटर (D) यंत्र

7. रोबो अध्यापक कहाँ बनाएँ गए थे ?
(A) बेंगलुरु (B) मुंबई (C) कोलकता (D) नासिक



Scanned by CamScanner

8. विज्ञान के अध्यापक का नाम क्या था ?
(A) वी-10 (B) सी-10 (C) डी-10 (D) ई-10

9. पहला अंतरिक्ष यान किस देश ने भेजा था ?
(A) रूस (B) अमेरिका (C) जपान (D) भारत

10. अंतरिक्ष में जानेवाला पहला भारतीय ____ यात्री कौन था ?
(A) रमेश शर्मा (B) राकेश शर्मा (C) महेशशर्मा (D) नीताशर्मा

11. अंतरिक्ष में यात्रा करने वाली पहली भारतीय महिला का नाम बताओ ?
(A) रेमा चावला (B) कल्पना चावला (C) सुनीता विलियम

12. "भारहीन" शब्द का समान शब्द लीखिए ?
(A) हल्का (B) भारी (C) ऊँची (D) बाहुल्य

13. बृहस्पति की सैर के लिए कौन-सा दिन तय किया ?
(A) सोमवार (B) बुधवार (C) शुक्रवार (D) रविवार

14. "संभव" शब्द का विलोम शब्द लीखिए।
(A) असंभव (B) वक्तगत (C) संभाव (D) समाज

15. समय बहुत ही ____ है।
(A) महँगा (B) मूल्यवान (C) महत्वान (D) व्यर्थ

16 ऐसी कौन सी चीज है जो एक बार खो जाती वह फिर कभी वापस नही मिलती ?
(A) समय (B) सोना (C) वस्तु (D) विद्या



Scanned by CamScanner

3

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | + | + | + | + | = |

17. महात्मा गांधी को क्या बरबाद करना अच्छा नहीं लगता था?
(A) एक मिनट (B) एक क्षण (C) एक सेकेन्ड़ (D) समान

18. " मूल्यवान " शब्द का समान अर्थ लिखिए ?
(A) धनवान (B) किमती (C) धातु (D) मूर्ति

19. जादूगर ने ______ अँगूठी गायब कर दी ?
(A) हाथ उठाते (B) पलक झपकते (C) नजर झुकाते

20. अध्यापक जी का ___ शरीर चारों खाने चित ।
सोना (B) लौह (C) स्टील (D) ताँबा

21. "गाँठ बाँधना " मुहावरे का सही अर्थ लीखिए ।
(A) याद रखना (B) भूलना (C) सिखना (D) भागना

22. भाई का नाम क्या था ?
(A) गुलाब सिंह (B) गेंदा सिंह (D) रामासिंह

23. " दरवाजा " शब्द का बहुवचन लीखिए ।
(A) खिड़कीयाँ (B) दरवाजों (C) दरवाजे

24. "स्वास्थ्य " शब्द का समान शब्द लीखए ?
(A) बीमार (B) अस्वास्थ्य (C) सेहत (D) खुशीयाँ

25. "ऋतुएँ " शब्द का समान शब्द लीखिए ?
(A) मेघा (B) बरसात (C) मौसम

26. "रखवाली " शब्द का समान शब्द लीखिए ?
(A) पहरा (B) रक्षा (C) क्षमा



Scanned by CamScanner

+ + + + =

27. ऊँचे - ऊँचे पर्वत किसकी रखवाली करते है?
(A) भारत (B) बिहार (C) उत्तरप्रदेश

28. " छटा " शब्द का समान शब्द लीखिए ?
(A) मुर्खता (B) सुंदरता (C) मुर्खता

29. हमारे देश की नदियाँ कैसी है ?
(A) छोटी - छोटी (B) लंबी - लंबी (C) लघु - लघु

30. कितना ______ देश हमारा ।
(A) प्यारा (B) न्यारा (C) अनोखा

31. हमारे देश के बगीचे हमेशा किससे भरे रहते है?
(A) फल - फूल से (B) पत्तो से (C) काँटो से

32. बहन अपनी ओढ़नी फाड़कर क्या बनाई ?
(A) झंडा (B) झुला (C) पट्टा (D) रस्सी

33. इतना बोझ उठाना मेरे
(A) पलक झपकते । (B) बस की बात नही है। (C) हिम्मत बांधकर

34. "जीवन" शब्द के विलोम शब्द लीखिए ।
(A) मृत्यु (B) बेजान (C) मोहक (D) महत्व

35. बैल खेत में क्या काम करता था ।
(A) घास खाता था । (B) हल चलाता था (C) मीट्टी खाता था ।



Scanned by CamScanner

प्रश्न पेटा प्रश्न क्रमांक

5

= [ ] + [ ] + [ ] + [ ] + [ ] = [ ]

# VEDANT PUBLIC SCHOOL

ISANPUR , AHMEDABAD - 382443.

| | | |
|---|---|---|
| DATE : તારીખ : | SUBJECT : વિષય : | Roll No. : બેઠક નંબર : |
| STD. : ધોરણ : | Suppl. No. : પૂરવણી : | Supervisor's Sign./ નિરીક્ષકની સહી |

Q-2. मौखिक प्रश्नों के उत्तर लीखिए।

1. इस नाटक में बैल और गधा किसके यहाँ काम करते थे।
→ इस नाटक में बैल और गधा किसान के यहाँ काम करते थे।

2. बैल के घर रहने पर गधे के साथ क्या हुआ।
→ बैल के घर रहने पर गधे को उसकी जगह हल चलना पड़ा।

3. रोबो अध्यापक कहाँ बनाए गए थे ?
→ रोबो अध्यापक बंगलूरु की एक फैक्टरी में बनाए गए थे।

4. विज्ञान के अध्यापक का नाम क्या था ?
→ विज्ञान के अध्यापक का नाम वी-10 था।

5. बृहस्पति की सैर के लिए कौन-सा दिन तय किया गया ?
→ अगले रविवार को बृहस्पति की सैर का दिन तय किया गया।

6. कौन सदा पछताता रहता है ?
→ जो समय को व्यर्थ खो देता है वह सदा पछताता रहता है।

7. क्या-क्या खो जाने पर प्राप्त हो जाता है ?
→ धन, स्वास्थ्य और विद्या खो जाने पर भी प्राप्त हो जाते है।

[5]

Scanned by CamScanner

8. हमें कौन - सा नियम बना लेना चाहिए?
→ हमें ऐसा नियम बना लेना चाहिए, जिससे एक क्षण भी न खोएँ और हर समय कुछ न कुछ काम में लगे रहे।

9. भाई का नाम क्या था?
→. भाई का नाम गुलाब सिंह था।

10. भाई के मन पर किन बातो की छाप पड़ गई थी?
→ भाई के मन पर बहन के प्यार तथा माँ - पिता की अनेको बातो की पक्की छाप पड़ गई।

Q-3 निम्नलिखित लिखित प्रश्नो के उत्तर सविस्तार पूर्वक लीखिए।

1. बैल खेत में क्या करता था?
→ बैल खेत में हल चलाता था।

2. बैल परेशान क्यो था?
→ बैल परेशान था क्योंकि उसे खेत में दिनभर कड़ा परिश्रम करना पड़ता था। और किसान उसे बढ़िया खाना भी नही देता था।

3. हमारे देश में ऐसा क्या है जो इसे अनोखा बनाता है?
→ हमारे देश में ऊँचे - ऊँचे पर्वत और जल से भरी लंबी नादियाँ है। इसमे छह ऋतुएँ बारी - बारी से आती है। भारत देश हरा - भरा और फल - फुलो से लदा है - ये सब हमारे देश को अनोखा बनाते है।



Scanned by CamScanner

प्रश्न
ક્રમ પ્રશ્ન
ક્રમાંક



[ ] + [ ] + [ ] + [ ] + [ ] = [ ]

4. नदियाँ देश को किस प्रकार हरा-भरा रखती है ?
→ नदियाँ अपने जल से धरती को सींचती है जिससे यह देश सदा हरा-भरा रहता है।

5. बहन ने भाई को गुड़-चने क्यो खिलाए ?
→ बहन से बीमार भाई की भूख देखी नही गई और उसने उसे गुड़-चने खिला दिए।

6. वे लोग कौन थे जो जुलूस निकालना चाहते थे ?
→ वे लोग देशभक्त क्रांतिकारी थे जो जुलूस निकालना चाहते थे।

7. कवि ने किस बात का ध्यान रखने के लिए कहा है ?
→ कवि ने समय बरबाद न करने का ध्यान रखने के लिए कहा है।

8 मनुष्य किसे दोबारा प्राप्त नही कर सकता है?
→ मनुष्य बीते हुए समय को दोबारा प्राप्त नही कर सकता।

9. प्रदीप ने अध्यापक जी से क्या पुछा ?
→ प्रदीप ने पुछा - पर बृहस्पति आदि ग्रहो पर मनुष्य अभी तक क्यो नही जा पाया ? इसका क्या कारण है ?

10. रोबो अध्यापक कैसे नष्ट हुआ ?
→ रोबो इंजीनियर ने अपनी जेब से एक छोटी-सी गोल चीज निकाली और रोबो अध्यापक के कान के छेद की ओर फेंकी। वह सीधी उसके मस्तिष्क पर लगी और उसका लौह शरीर जमीन पर गिर पड़ा।



Scanned by CamScanner

प्रश्न पेटा प्रश्न क्रमांक

Q-4(अ) निम्नलिखित शब्दो के विलोम (विरोधार्थी) शब्द लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | रोशनी | X | अँधेरा |
| 2. | दिन | X | रात |
| 3. | पिछले | X | अगले |
| 4. | विशेष | X | साधारण |
| 5. | ज्यादा | X | कम |
| 6. | तेज | X | धीरे |
| 7. | संभव | X | असंभव |
| 8. | जलना | X | बुझना |
| 9. | उत्तर | X | प्रश्न |
| 10. | ईमानदार | X | बेईमान |
| 11. | खर्च | X | आमदनी |
| 12. | कम | X | अधिक |
| 13. | अंधकार | X | प्रकाश |
| 14. | प्रथम | X | अंतिम |
| 15 | आय | X | व्यय |
| 16 | खुश | X | उदास |

(ब) निम्नलिखित मुहावरो से रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए।

1. इतना बोझ उठाना मेरे बस की बात न होना।
2. जादुगर ने पलक झपकते अँगूठी गायब कर दी।
3. सभी बच्चे हिम्मत बाँधना अँधेरे कमरे में घुस गए।
4. पहलवान के एक ही दाँव में विरोधी को चारो खाने चित होना कर दिया।

[8]

Scanned by CamScanner

5. राजू परीक्षा में अच्छे नंबर से पास होगया तो उसका पाँव जमीन पर न पड़ा

6. रेशमा दौड़ में पास हो गई तो खुशी से फूला न समाई

7. राम जब अयोध्या लौट कर आए तो सभी घी के दीए जलाए।

8. जब रानु विज्ञान स्पर्धा में पास तो उसका अंग-अंग मुस्कराने लगा।

9. जब युद्ध की खबर आई तो माँ का चिंता के मारे जान निकलने लगी।

10. माँ की सिख अच्छी तरह से गाँठ बाँधना।

Q.5(अ) निम्नलिखित दिए गए शब्दो के बहुवचन लीखिए।

| | एकवचन | | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| 1. | एक | → | अनेक |
| 2. | झंड़ा | → | झंडे |
| 3. | दरवाजा | → | दरवाजे |
| 4. | दीया | → | दीए |
| 5. | आँख | → | आँखे |
| 6. | उमंग | → | उमंगे |
| 7. | तसवीर | → | तसवीरे |
| 8. | किलकारी | → | किलकारियाँ |
| 9. | बीमारी | → | बीमारीयाँ |



Scanned by CamScanner

| | एकवचन | | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| 10 | थाली | → | थालीयाँ |
| 11 | कहानी | → | कहानियाँ |
| 12 | गोली | → | गोलियाँ |
| 13 | बलैया | → | बलैयाँ |
| 14 | गुड़िया | → | गुड़ियाँ |

[ग] निम्नलिखित शब्दों के समान (समानार्थी) अर्थवाले शब्द लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न्यारा | → | अनोखा |
| 2. | निर्मल | → | साफ |
| 3. | ऋतु | → | मौसम |
| 4. | पहाड़ | → | पर्वत |
| 5. | छटा | → | सुंदरता |
| 6. | हरियाली | → | हरापन |
| 7. | सुंदर | → | खूबसूरत |
| 8. | शान | → | गौरव |
| 9. | ढोना | → | उठाना |
| 10. | भटकना | → | व्यर्थ घुमना |
| 11. | चर्चा | → | जिक्र |
| 12. | जलन | → | ईर्ष्या |
| 13. | विचित्र | → | अजीब-सी |
| 14. | परिश्रम | → | मेहनत |
| 15. | भरोसा | → | विश्वास |



Scanned by CamScanner

+ + + + =

## कहानी

### * बुद्धिमान बगुला *

→ एक बहुत बड़े पेड़ की जड़ से एक बेल फूट निकली। पेड़ का सहारा लेकर बेल धीरे-धीरे बड़ी होने लगी। उसी पेड़ पर बगुलों का एक बहुत बड़ा परिवार रहता था। परिवार के एक वृद्ध बगुले ने बेल देखी तो सबसे बोला – इस बेल को काट देना चाहिए। सबने प्रश्न किया – क्यों? यह छोटी-सी बेल हमारा क्या बिगाड़ लेगी? वृद्ध ने समझाया कि यह कुछ ही दिनों में मजबूत हो जाएगी और ऊपर तक पहुँच जाएगी। फिर कोई भी पेड़ पर चढ़कर हमें नुकसान पहुँचा सकता है। किसी ने उसकी बात पर ध्यान न दिया। कुछ दिन बाद एक बहेलिया वहाँ आया। उसने पेड़ पर बैठे बगुलों को देखा। बगुलों के उड़ जाने पर वह मजबूत बेल के सहारे ऊपर चढ़ गया। उसने पेड़ पर जाल बिछाया और नीचे उतर आया। बगुले लौटकर आए तो जाल में फँस गए। वे चिल्लाने लगे। फिर वृद्ध बगुले से जाल से निकलने का उपाय पूछने लगे। वृद्ध ने कहा – घबराओ मत। जब बहेलिया आए तो तुम मरे हुए-से हो जाना। बहेलिया तुम्हें नीचे फेंक देगा। जब वह अपना जाल समेटने लगे, तुम उड़ जाना। बगुलों ने वृद्ध की सलाह मान वैसा ही किया। बहेलिए ने हैरानी से देखा और बोला – क्या मरे हुए बगुले उड़ गए।

Scanned by CamScanner

પ્રશ્ન
પેટા પ્રશ્ન
ક્રમાંક

12

2

कहानी

* दो महापुरूषो की सोच *

→ महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ ठाकुर → दोनो में गहरी मित्रता थी। दोनो एक-दुसरे का बहुत आदर करते थे। रवींद्रनाथ ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में शांतिनिकेतन नाम से एक ऐसा उच्च शिक्षा संस्थान खोला जहाँ प्रकृती के बीच पवित्र वातावरण में बैठकर विद्या प्राप्त की जाती है। एक बार गांधी जी शांतिनिकेतन गए। दोनो मित्र गुलाब की क्यारी के पास घूम रहे थे। रवींद्र गुलाब की एक कली को देखकर बोल उठे - यह कली इतनी सुंदर है कि मेरा मन कविता लिखने को कर रहा है। गांधी जी के मन में हर समय अपने देशवासियो की चिंता रहती थी, इसलिए वे बोले - मैं तो कविता करने की बात नही सोचता पर मैं इतना अवश्य चाहता हूँ कि मेरे देश का बच्चा-बच्चा इस कली की तरह ही स्वस्थ और सुंदर बात कही आपने!

Scanned by CamScanner

# VEDANT PUBLIC SCHOOL

ISANPUR, AHMEDABAD - 382443.

| | | |
|---|---|---|
| DATE : તારીખ : | SUBJECT : વિષય : | Roll No. : બેઠક નંબર : |
| STD. : ધોરણ : | Suppl. No. : પૂરવણી : | Supervisor's Sign./ નિરીક્ષકની સહી |

1. निबंध

## मेरा गाँव

→ मेरा गाँव पवित्र गोदावरी नदी के तट पर बसा हुआ है। मेरा गाँव के चारो ओर रमणीय पहाड़ियाँ है। मेरे गाँव का नाम रामपुर है।

आजादी के बाद मेरे गाँव ने बहुत तरक्की की है। गाँव के दक्षिणी हिस्से में पंचायत-घर है। पंचायत घर के पास ही गाँव का पुस्तकालय और वाचनालय है। मेरे गाँव में एक बहुत पुराना और प्रसिद्ध राम-मंदिर है। सुबह-शाम आरती के समय मंदिर में बहुत भीड़ रहती है। रामनवमी के अवसर पर मंदिर मर मंदिर के पास बड़ा मेला लगता है।

मेरा गाँव में लगभग दो हजार लोगो की आबादी है। उसमें ज्यादातर लोग किसान है। गाँव में लुहार, कुम्हार, बनाई, दर्जी, धोबी, नाई आदि भी रहते है। गाँव के लोग बहुत सीधे सादे और मेहनती है। वे आज भी पुराने रीति-रिवाजो को मानते है फिर भी उनके विचार प्रगतिशील है।

→ रामपुर गाँव में एक प्राथमिक शाला है। गाँव में एक छोटा सा अस्पताल है। वहाँ गाँव के मरीजो का बहुत कम पैसो में इलाज किया जाता है। गाँव में चार-पाँच दुकाने है। हर रविवार को गाँव में बड़ा बाजार लगता है। गाँव में पशुओ की संख्या भी बहुत है।



Scanned by CamScanner

गाँव की सहकारी सामीती शहर में जाकर ~~[illegible]~~ दूध तथा सब्जियाँ बेचती है।
कारगील के युद्ध में गाँव का एक जवान शहीद हो गया था। इससे मेरे गाँव का गौरव बढ़ गया है। सचमुच, रामपुर एक आदर्श गाँव है।

2 निबंध

* लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल *

→ सरदार पटेल हमारे देश के एक महान नेता थे। उनका पुरा नाम वल्लभभाई झवेरभाई पटेल था।

→ सरदार पटेल का जन्म 31 अक्तूबर, 1875 में गुजरात के करमसद गाँव में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नड़ियाद में हुई थी। फिर वे इंग्लैड़ जाकर बैरिस्टर बने।

भारत लौटकर सरदार पटेल ने वकालत शुरू की। उन दिनो गांधी जी अहमदाबाद में रहते थे। सरदार पटेल गांधी जी के संपर्क में आए। उन पर गांधी जी का बहुत प्रभाव पड़ा। वे वकालत छोड़कर स्वतंत्रता -आनदोलन में गांधीजी के साहियोगी बन गए। आजादी के आंदोलन में वे कई बार जेल गये।

→ सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली में सत्याग्रह हुआ। उसमें उन्हे सफलता मिली और वे 'सरदार' के नाम से प्रसिद्ध हुए।



Scanned by CamScanner

→ सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और उप - प्रधानमंत्री बने। भारत स्वतंत्र हुआ उस समय हमारे देश में छोटी - बड़ी 600 रियासतें थी। सरदार पटेल ने इन सबको भारत गणराज्य में मिलाकर राष्ट्र का महान कार्य किया।

→ सरदार पटेल एक निडर देशभक्त थे। उनका निश्चय दृढ़ होता था। इसलिए उन्हें 'लोहपुरुष' कहा जाता है।

15 दिसम्बर 1950 को उनकी मृत्यु हुई।

Scanned by CamScanner